अंचल कार्यालय कटकमसाण्डी, हजारीबाग।

आदेश

विविध वाद संख्याः–9/19

मो0 ताहिर अली बनाम मो0 खलिल

दिनांक	पदाधिकारी का आदेश एवं हस्ताक्षर
28.11.19	यह वाद मो0 ताहिर आलम के आवेदन पर प्रारम्भ किया गया उनके द्वारा आवदेन दिया गया है कि मौजा-गदोखर का खाता सं0-67 का खतियान उनके पुर्वज मवन जोल्हा, अब्दुल जोल्हा पिता – करम जोल्हा के नाम पर कुल रकवा 5.55 ए0 दर्ज है। लेकिन इसी खाता का 1.20ए0 जमीन का रसीद मो0 इसहाक वगै0 के नाम पर कट रहा है। जो इनके वशंज नहीं हैं। न ही इनके वंशज द्वारा उनको उक्त जमीन बिकी की गई है। इसलिए इनका रसीद कटना बंद किया जाय तथा पुर्ण जमीन का रसीद हमलोगों के नाम पर निर्गत किया जाय। आवदेक के आवेदन के आलोक में मो0 खलील पिता स्व0: मो0 जहुर चिशतिया मोहल्ला किल खाना के पास, कसाई मोहल्ला हजारीबाग को निबंधित डाक से सूचना निर्गत किया गया। परन्तु वो उपस्थित नहीं हुए। पुनः द्वित्तीय सूचना दिनांक 07.09.2019 को निर्गत की गई परन्तु ना ही वे स्वयं या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति उपस्थित हुये जिससे यह प्रतित होता है कि विपक्षी को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है। यह स्पष्ट नहीं है कि यह जमीन विपक्षी को किस प्रकार हासिल है। इस परिस्थिति में जब तक विपक्षी द्वारा अपना रसीद कटने का औचित्य साबित नहीं कर दिया जाता है तब तक उनके रसीद पर रोक लगाया जाता है। 28.11.19 अंचल अधिकारी, कटकमसाण्डी।

g:\all letter katkamsandi.docx300